तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 01 मई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

बढ़ते तापमान के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त 14



आशीबाई स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित... 14



# बीटीआई रोड गौरव पथ निर्माण में भारी लापरवाही, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के बीटीआई रोड पर निर्माणाधीन गौरव पथ इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही के कारण यहां आए दिन दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है। विशेष रूप से रात के समय इस मार्ग से गुजरना खतरों से भरा साबित हो रहा है। गौरव पथ निर्माण के दौरान पुरानी सड़क को उखाड़ा जा रहा है, लेकिन उखड़ी हुई सड़क के अवशेषों और मलबे का त्वरित उठाव नहीं किया जा रहा हैं।



### सुरक्षा बोर्ड नहीं

सड़क के बीच में डिवाइडर निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। डिवाइडर के ढांचों में लगाए गए लोहे के सरिए बाहर की ओर निकले हुए हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि इतने संवेदनशील निर्माण स्थल पर कोई भी सुरक्षा बोर्ड, रिफ्लेक्टर या बैरिकेडिंग (होर्डिंग) नहीं लगाई गई है। राहगीर अमित ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि कोई वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर के पास गिरता है, तो ये बाहर निकले हुए सरिए किसी की जान भी ले सकते हैं। प्रशासन और ठेकेदार की ओर से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम यहां नजर नहीं आ रहे हैं।

### बड़ी दुर्घटना की आशंका

बीटीआई रोड शहर के व्यस्त मार्गों में से एक है। यहां से भारी वाहनों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और आम नागरिकों का आवागमन लगातार बना रहता है। रात में विजिबिलिटी कम होने और सुरक्षा संकेतों के अभाव में यहां किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। राहगीर विकास देवांगन के अनुसार, निर्माण कार्य जरूरी है, लेकिन जनता की सुरक्षा की कीमत पर नहीं। कम से कम रात के समय यहां चेतावनी बोर्ड और लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के पुराने मामले में एफआईआर दर्ज

**महासमुंद।** मारपीट के करीब ढाई साल पुराने मामले में न्यायालय के आदेश के बाद आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 08/12/2023 को आरोपी गौरव वर्मा एवं दिनेश वर्मा के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में प्रार्थी आवेदक रंजीत सलूजा एवं उसके पुत्र गौरव सलूजा के साथ गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी गौरव वर्मा एवं दिनेश वर्मा द्वारा अत्यंत निर्दयतापूर्वक मारपीट की गई थी। जिससे आवेदक के चेहरे एवं बांये हाथ की उंगली फ्रैक्चर हो गई एवं उसके पुत्र के चेहरे एवं शरीर के अन्य भागों पर चोट आयी थी। इसे लेकर प्रार्थी आवेदक के द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बसना में परिवाद प्रस्तुत किया गया था।

### मवेशियों का अवैध परिवहन, तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** मवेशियों का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर वाहन क्र. सीजी 04 एनवाय 2210 में दो नग बैल को अवैध रूप से ले जाते हुए आरोपी रवि ध्रुव पिता गोकुल ध्रुव (22 वर्ष), पीलादाऊ ठाकुर पिता स्व भगवान सिंह (60 वर्ष), भोगीराम पांडे पिता टिकेलाल पांडे (35 वर्ष) के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 घ, छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10, 4, 6 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गड़बड़ी : अपात्रों को दिया जा रहा राशन

# संदिग्ध कार्ड रद्द, बचेगा 1.10 लाख क्विंटल चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में संदिग्ध राशन कार्डों की जांच के बाद 11,480 बीपीएल कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। सत्यापन में सामने आया कि कई लोग पात्रता से बाहर होने के बावजूद वर्षों से सरकारी राशन का लाभ ले रहे थे। इस सख्ती से न केवल गड़बड़ियों पर अंकुश लगेगा, बल्कि असली जरूरतमंदों तक राशन पहुंचने का रास्ता भी साफ हो गया है।

राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए जिले में चलाए गए विशेष सत्यापन अभियान के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है। संदिग्ध राशन कार्डों की



गहन जांच के बाद 11,480 धारकों को अपात्र घोषित किया गया। पहले जिले में बीपीएल कार्डधारियों की संख्या 2 लाख 72 हजार थी, जो अब घटकर कम हो गई है। जिले में प्रचलित कुल राशन कार्डों की संख्या अब करीब 3 लाख 51 हजार 561 रह गई है।

### हर महीने बचेगा 1.10 लाख क्विंटल राशन की बचत

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि इस कार्रवाई से हर महीने करीब 1 लाख 10 हजार क्विंटल राशन की बचत होगी। पूरी प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार पारदर्शी तरीके से की गई है ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को पर्याप्त खाद्यान्न मिल सके। निगरानी आगे भी जारी रहेगी।

### हितग्राहियों को 3 महीने का राशन मिलने से राहत

पात्र हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए प्रशासन ने अप्रैल, मई और जून महीने का राशन एकमुश्त देने की व्यवस्था की है। इससे लोगों को बार-बार दुकान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### अपात्र होते हुए वर्षों से उठा रहे थे राशन

जांच में यह चौंकाने वाला सच सामने आया कि बड़ी संख्या में लोग पात्रता शर्तों को पूरा न करने के बावजूद सरकारी राशन का लाभ उठा रहे थे। कुछ लोगों ने अपनी वास्तविक आय और संपत्ति की जानकारी छिपाकर कार्ड बनवाए थे। यहाँ तक कि आर्थिक स्थिति सुधरने के बाद भी उन्होंने कार्ड सरेंडर नहीं किए। जांच में यह हकीकत सामने आई जिसमें कई कार्डधारक आयकर दाता (Income Tax Payers) पाए गए। वहीं कुछ हितग्राहियों के पास 80 से 90 एकड़ तक कृषि भूमि मिली। कई लोगों के नाम दूसरे राज्यों की राशन सूची में भी दर्ज पाए गए और वहीं एक ही परिवार के नाम पर एक से अधिक कार्ड और शहरी निवासियों के नाम ग्रामीण सूची में दर्ज पाए गए।

### देशी शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई, 34 पौवा बरामद

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने किशनपुर के मकान से देशी प्लेन शराब बरामद कर एक आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने ग्राम किशनपुर के मोहितराम सिन्हा पिता दाऊराम सिन्हा के कब्जे से 34 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब कीमत 2720 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।






### विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए हेमेंद्र का सम्मान

**महासमुंद।** जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद के तत्वाधान में साइंस के अनुभवी हेमेंद्र आचार्य को विज्ञान के क्षेत्र में उनके उपलब्धियों, योगदान को स्मरण करते हुए सामूहिक रुप से शाल-श्रीफल, प्रशंसा पत्र, स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। डीईओ बी.एल.देवांगन ने कहा कि मुझे काफ़ी प्रसन्नता हो रही है कि मुझे इस महत्वपूर्ण टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने प्रशंसा पत्र का अवलोकन करते हुए आचार्य के कार्यकाल को स्वर्णिम बताया। डीएमसी रेखराज शर्मा ने गागर में सागर भरते हुए सारगर्भित ढंग से आचार्य सर के द्वारा किए गए विभिन्न उपलब्धिमूलक कार्यों को गिनाया और टीम को सतत प्रोत्साहित करने, मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया। आभार प्रदर्शन सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने किया।

### पत्नी से मारपीट, पति समेत तीन के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम टेका की एक महिला ने अपने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट कर प्रताड़ित करने के संबंध में पिथौरा थाने में शिकायत की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रिया पटेल पति प्रकाश पटेल (22 वर्ष) ने बताया कि उसकी22.01.2026 को सामाजिक रिति रिवाज के अनुसार ग्राम टेका के प्रकाश पटेल के साथ हुई है। शादी के बाद 01 माह बाद ही उसका पति प्रकाश पटेल रोज शराब पीकर घर आता था और गाली गलौज कर मारपीट करता था। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति का किसी अन्य लड़की के साथ अवैध संबंध है, वह उसे प्रताड़ित कर मारपीट करता है और खाना पीना ठीक से नहीं देता है, इसके अलावा उसने उसके मायके वालों के साथ बातचीत, आना-जाना भी बंद करवा दिया है। इस संबंध में गांव में मीटिंग भी हुई। जिस पर दोनों पक्षो के बीच आपसी समझौता कराया गया। महिला ने बताया कि एक सप्ताह पहले उसने तबियत खराब होने पर अपने पति इसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने कहा। लेकिन उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला न बताया कि उसके बूढ़ा ससुर केशव पटेल और ससुर राम पटेल भी लड़ाई झगडा करने में अपने पुत्र का साथ देते हुए उसके साथ गाली गलौज करते हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि जब तबियत ज्यादा खराब हुई तो अपने रिश्तेदार सुकदेव पटेल ग्राम सराईपाली के यहां भेज दिया, जहां से उसे 27 अप्रैल को सरकारी अस्प ताल पिथौरा लाया गया। इसके बाद सरकारी अस्पयताल पिथौरा में उसके पति ने आकर उसके एवं परिवार वालो के साथ विवाद किया और वहां की नर्स के साथ भी अभद्रता की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध पिथौरा थाने में मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### ट्रक से बाइक की टक्कर,चचेरे भाईयों की मौत

**महासमुंद।** एनएच 353 पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने ग्राम मोखा के एक गरीब परिवार की जिंदगी पूरी तरह बदल दी। इस हादसे में ग्राम मोखा निवासी दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर है। हादसे में गंभीर रूप से घायल तेजराम दीवान (35 वर्ष) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, उसके साथ बाइक पर सवार उसका चचेरा भाई भी इस दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठा। दोनों युवक ग्राम मोखा के निवासी थे और रोजी-रोटी के लिए बाहर काम करने जाते थे। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक काम से लौटते समय एनएच353 पर केरामुड़ा के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सड़क पर बिना किसी संकेत (इंडिकेटर/रिफ्लेक्टर) के खड़े ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। यह लापरवाही ही इस भीषण हादसे की बड़ी वजह बताई जा रही है। तेजराम दीवान के परिवार की स्थिति बेहद दयनीय बताई जा रही है, मृतक के पिता लकवाग्रस्त हैं और पत्नी गर्भवती है। पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी अब उसकी मौत के बाद परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया है। वहीं दूसरे युवक के परिवार पर भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्राम मोखा में इस घटना के बाद मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है सरकार पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता दे। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लिफ्ट देने के बहाने 92 हजार रुपए पार

**महासमुंद।** बैंक से राशि निकालकर घर जा रहे एक किसान से अज्ञात ने लिफ्ट देने के बहाने 92 हजार रुपए छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत पर बीएनएस की धारा 304(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम घुंचापाली निवासी हिरावन लाल पटेल ने बताया कि वह खेती किसानी करता है। 24 अप्रैल को वह जिला सहकारी बैंक रकम निकालने आया था। बैंक से 500-500 सौ रूपये का दो बंडल कुल 92 हजार रुपए फुल पैंट की जेब में रखकर परसदा के यादराम की बाइक में बैठकर सोनार दुकान तक आया। सोना-चांदी का रेट पूछने के बाद पैदल बस स्टैंड चला गया। बस का समय न होने से पैदल जा रहा था तभी मुंह में कपड़ा ढंका एक व्यक्ति बाइक से आया और मुझे अपनी बाइक में बैठाया और मुझे मेरे घर छोड़ने की बात बोला। उनकी बातों में आकर उनकी बाइक में बैठ गया। बाइकचालक मुझे अपनी बाइक में बैठाकर पुराना मण्डी के पास सुनसान जगह पर ले जाकर कुल 92 हजार रुपए लेकर भाग गया।






खबर संक्षेप





### आत्मानंद स्कूल तुमगांव के छात्र प्रगेश साहू ने बढ़ाया जिले का गौरव

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल परीक्षा 2026 कक्षा 10 वीं में महासमुंद जिले के तुमगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खट्टीडीह निवासी एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, तुमगांव के छात्र प्रगेश साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 548 अंक अर्जित किए हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने परिवार, विद्यालय और पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

### जनसमस्याओं को लेकर नागरिक गण नगरपालिका पहुंचे- देवीचंद राठी



**महासमुंद**। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगरपालिका महासमुंद में तीन चरणो में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन होगा। जिसके लिए प्रभारी सीएमओ हेमंत के साथ नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बैठक कर चर्चा की। राठी ने शहर के सभी वार्डों के नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण 4 मई से 8 मई तक नगरपालिका कार्यालय प्रांगण में आवेदन लिये जाएंगे आवेदन के लिए अलग से आवेदन की जरूरत नहीं है, पालिका से आवेदन फार्म उपलब्ध कराये जायेंगे। जिसे जमा करने की समय सीमा 8 मई निर्धारित है। द्वितीय चरण 8 मई से 31 मई तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण में 1 जून से समाधान शिविर तीन जगहों पर 5 जून तक लगाया जाएगा।

### स्कूल सफाई कर्मचारी आज घेरेंगे वित्तमंत्री निवास

**डांडेसरा(धमतरी)**। छग अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा 1 मई मजदूर दिवस को वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निवास स्थान का घेराव किया जायेगा। छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के महामंत्री डागेश्वर पटेल, सहसचिव मनोज कुमार चक्रधारी एवं धमतरी जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि हमारी एक ही मांग है कि अंशकालीन से पूर्णकालीन करते हुए कलेक्टर दर पर वेतन।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आज से

**धमतरी**। आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई 2026 से अक्टूबर 2026 के लिये 1 मई से 29 मई के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगें। इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र ही मान्य होगा। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से मिली जानकारी के अनुसार लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई 2026 से अक्टूबर 2026 के लिए 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र भेज सकते हैं।

# रुक्मिणि-विवाह की दिव्य छटा, सुदामा चरित्र से भीगे नयन महासमुंद में श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ की पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वार्ड क्रमांक 23 पंजाबी पारा स्थित निज निवास में 21 अप्रैल से प्रारंभ श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का 28 अप्रैल मंगलवार को अत्यंत भक्तिमय वातावरण में भव्य आयोजन हुआ। अंतिम दिवसों में कथा स्थल भक्ति, भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा के अनुपम संगम का साक्षी बना। बैसाख शुक्ल दशमी के पावन अवसर पर स्थानीय श्रीराम जानकी धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य नारायण दास वैष्णव ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणि विवाह का मधुर एवं अलौकिक प्रसंग सुनाया। विवाहोत्सव की भांति सजे पंडाल में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान के दिव्य मिलन का स्वागत किया। रुक्मिणी हरण से लेकर द्वारका में संपन्न विवाह की कथा ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। आचार्य नारायण दास ने इस प्रसंग का आध्यात्मिक अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि यह जीवात्मा और परमात्मा के पावन मिलन का प्रतीक है।



एकादशी तिथि पर सुदामा चरित्र का हृदयस्पर्शी वर्णन हुआ। सुदामा और श्रीकृष्ण की निष्कलुष मित्रता, तंदुल की तीन मुट्ठी भेंट और भगवान की कृपा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो उठीं। कथा के माध्यम से आचार्य ने बताया कि सच्चा प्रेम और समर्पण ही ईश्वर को प्राप्त करने का सरल मार्ग है। द्वादशी तिथि पर वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूर्णाहुति संपन्न हुई। यजमान दंपतियों ने मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर सुख-शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना की। इसके उपरांत श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेश, तुलसी वर्षा, कपिला तर्पण एवं महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। समापन अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच श्रद्धालु झूमते-गाते नजर आए। विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



विगत 21 अप्रैल को रामेश्वरी मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस यज्ञ में प्रतिदिन कथा, पूजन एवं अनुष्ठान संपन्न होते रहे। पुरोहित पंडित हेमंत दास वैष्णव (महासमुंद) एवं पंडित सूरज दास वैष्णव (चिंगरौद) ने पूरे आयोजन को विधि-विधान से सम्पन्न कराया। आयोजनकर्ता प्रेमशीला पोषण साहू एवं परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन सभी की आस्था, सहयोग और समर्पण का ही फल है। आचार्य नारायण दास वैष्णव ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का यह दिव्य अनुष्ठान आत्मिक शुद्धि, भक्ति जागरण और मानव जीवन के परम उद्देश्य की ओर अग्रसर करने वाली पावन साधना है। जिसने भी इस अमृतमयी कथा का श्रवण किया, उसके जीवन में श्रद्धा, शांति और परम आनंद का संचार अवश्य होगा।

# सीईओ नंदनवार ने श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य में निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन

- सभी विभागों, ग्राम पंचायतों एवं आमजनों से अभियान से जुड़कर जल संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील

को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से संचालित मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के अंतर्गत जिला पंचायत परिसर में सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य में सहभागिता निभाई। सीईओ नंदनवार ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा वर्षा जल के संरक्षण के लिए सोख्ता गड्ढों का निर्माण अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने सभी विभागों, ग्राम पंचायतों एवं आमजनों से अभियान से जुड़कर जल संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।



उल्लेखनीय है कि मोर गांव मोर पानी अभियान के प्रथम चरण में महासमुंद जिले में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण कार्य किए गए थे। अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सोख्ता गड्ढा निर्माण, वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण संबंधी गतिविधियां संचालित की गई थीं। जिसमें कुल 35, 182 जल संरचनाओं का निर्माण किया गया था। इस उपलब्धि के लिए जल संचय, जन भागीदारी (जेएसजेबी 1.0) के तहत पूर्वी जोन में शामिल कैटेगरी 2 अंतर्गत महासमुंद जिला को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान मिला था। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अभियान 2.0 के तहत इन प्रयासों से भू-जल स्तर में सुधार के साथ-साथ जल उपलब्धता बढ़ाने में सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए पुनः जनसहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण कार्यों को गति दी जा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का

# श्रेष्ठता को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुड शेफर्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ अनिता जी रावटे एवं डॉ जार्ज रावटे, प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परिणाम बोर्ड परीक्षाओं कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं में अत्यंत संतोषजनक एवं सराहनीय रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए तथा विद्यालय का गौरव बढ़ाया जिसमें कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय में यश कुमारी बघेल 89%, उन्नति पटेल 85.4%, विवेक पटेल 85.2% वाणिज्य संकाय में इशरत बानो 86.6%, सोनल कहार 79.%, सुरभि तिवारी 70.2% प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा दसवीं में गीतांजलि बांधे 87.8%, ओजस्वी मंडलोई 86.6%, दीक्षा चंद्रवंशी 85.8% प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में मन्नू दीवान ने 97.23%, मो. कैफ ने 95.48%, पूर्वी चंद्राकर 6.94.55%, कक्षा पांचवीं में जोया खान ने 94.90%, लिलेश 94.05%, कैथर एवं शेख हामिद ने 93.30 प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया। स्थानीय परीक्षाओं में कई विद्यार्थियों ने ₹ए₹ ग्रेड में उत्तीर्ण होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों, वर्षभर में सांस्कृतिक, खेल कूद, अनुशासन एवं नियमितता आदि विविध क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह एवं आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दे रहा था। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ अनिता जी. रावटे ने कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए एवं माता पिता को ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए। डॉ जार्ज रावटे ने कहा कि हम विद्यालय में अधिक से अधिक नई अपडेट तकनीकी का समावेश शिक्षण में करेंगे जिससे विद्यार्थियों को लाभ होगा। प्राचार्य एम श्रीनिवासन राव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास का महत्व बताते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संयोजन, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य मिताली गुरुंग द्वारा किया गया, जिसमें सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

# 2010 से पहले के शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

भारत के राजपत्र का संदर्भ देते हुए टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की गई है। गुरूवार को संयुक्त शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव, प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित महोबे तथा अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि 1 सितम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार की ओर से अनुपालन पत्र अब तक निर्गत नहीं किया गया है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी राज्य सरकारों को प्रेषित पत्र के माध्यम से उक्त न्यायादेश से राहत देने की दिशा में कार्रवाई की बात अंकित की है। वर्तमान में विभिन्न राज्य सरकारों, शिक्षक संगठनों तथा शिक्षकों की ओर से 45 रिव्यू पिटीशन सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। जब तक रिव्यू पिटीशन का अंतिम निस्तारण और भारत सरकार का तत्संबंधी अनुपालन पत्र निर्गत नहीं हो जाता तब तक छत्तीसगढ़ राज्य में टीईटी की अनिवार्यता के दायरे में 2010 से पूर्व शिक्षकों को रखा जाना उचित प्रतीत नहीं होता। विभिन्न राज्य सरकारों ने रिव्यू पिटीशन में लिखा है कि 23 अगस्त 2010 में भारत सरकार का राजपत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के संदर्भ में अधिसूचना प्रकाशित हुई है जिसमें शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत स्कूलों में पहली से आठवीं तक के शिक्षक संवर्ग की नई भर्ती के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने अनिवार्य योग्यता रखी गई है। लेकिन बिंदु क्रमांक 4 में स्पष्ट उल्लेख है कि पूर्व में नियुक्त शिक्षक संवर्ग के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक नहीं है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने पार्षदों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला सशक्तीकरण अधिनियम के खारिज होने पर पालिका में निंदा प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कराने पर चर्चा की। भाजपा शहर मंडल द्वारा नगर पालिका के भाजपा पार्षदों की बैठक भाजपा कार्यालय में रखी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने सभी पार्षदों से चर्चा उपरांत कहा कि पार्षदों को शहर की समस्याओं के लिए जागरूक रहने की जरूरत है। मई से राज्य शासन के निर्देश पर सुशासन अभियान चालू हो रहा है, जिसमें अपने-अपने वार्डों के नागरिकों से समस्याओं के आवेदन लेकर नगरपालिका कार्यालय में जमा कराएं। साथ ही नारी शक्तिवंदन अधिनियम के खारिज होने पर पालिका में विशेष बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित कराकर शासन को पालिका से भिजवायें।



नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने जिलाध्यक्ष से कहा कि पार्षदों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कराए तथा 2 माह में 1 बैठक रखें। महिला सशक्तिकरण अधिनियम के निरस्त होने पर पालिका की बैठक में खासकर महिला पार्षद निंदा प्रस्ताव में अपने विचार रखे तथा प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कराये पूर्व नपा उपाध्यक्ष पवन पटेल ने भी कहा कि भीषण गर्मी में पानी की विकराल समस्या है।

## दसवीं और बारहवीं के विभिन्न स्कूलों में परिणाम आशानुरूप रहा

**झलप**। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं के परिणाम आशानुरूप रहे, झलप अंचल के विभिन्न स्कूलों में अधिकांशतः परीक्षार्थी सफल रहे। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बावनकेरा में 12वीं में सीमा यादव ने गणित में 92.6 प्रतिशत अंक लाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 10वीं में संजय यादव ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, शासकीय उच्च विद्यालय बरेकल कला में कक्षा 10वीं में दिव्या दीवान ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया पूरे विद्यालय में 95% छात्र छात्राएं ने सफलता प्राप्त की, नरटोरा में 12वीं में 66% विद्यार्थी सफल रहे। चांदनी ने 86.6% अंक प्राप्त किया, 10वीं में 72% सफल रहे जिसमें श्वेता ने 80% अंक प्राप्त किया, वहीं गुरुकुल सोनासिल्ली के छात्रों ने अपनी सफलता का स्तर बनाए रखा। 12वीं में सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की जिसमें रोशनी साहू ने 90% तथा 10वीं में 99 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे, निधि चौहान ने 96 % अंक प्राप्त कर प्रथम रही,

# नेहरू स्मृति विद्यालय बिरकोनी में कक्षा पांचवीं में तान्या साहू व आठवीं में पूर्वी निषाद प्रथम

**बिरकोनी**। नेहरू स्मृति विद्यालय बिरकोनी में कक्षा पहली से आठवीं के परिणाम घोषित किए गए। सत्र 2025-26 में कुल 328 छात्र-छात्राएं दर्ज थे। जिसमें सभी बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा पहली में प्रथम स्थान चेतन निषाद, युग निषाद, साकेत द्वितीय यश्मिता निषाद, हार्दिक निषाद, यीभव साहू 98.4%, तृतीय भेवांश सेन, नामिका पटेल, गीतिका निषाद ने 96.4% अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दूसरी में प्रथम धात्री पटेल, घन्यक साहू, उज्ज्वल पटेल, टेमिन साहू ने 99.2%, द्वितीय धनंजय पटेल, मौलिक साहू, केतन साहू, ऐशान यादव ने 98.66, तृतीय मेधांशु साहू, नमन साहू, देवेंद्र सेन 97.4%, कक्षा तीसरी में जीविका पटेल, आयुष पटेल 99.3%, द्वितीय जागृति यादव, लक्की यादव ने 98.6%, तृतीय निहारिका, टिकेश्वर चंद्राकर ने 98.4%, कक्षा चौथी में प्रथम पायल साहू 99.3% अंक, द्वितीय मीनाक्षी साहू 98.1%, तृतीय हिमांशु पटेल 97.4%, कक्षा पाँचवी में तान्या साहू 95.86%, द्वितीय गीत यादव 95.45%, तृतीय सोनाक्षी साहू 95.10% रहे

छठवीं में रिया साहू 98.5%, द्वितीय जानवी पटेल 97.1%, तृतीय उमेश कुमार पटेल 97.3%, कक्षा सातवीं में तरुण निषाद 97.83%, द्वितीय कौशिल्या 97.56%, तृतीय केसरी 94.93% रहे। कक्षा आठवीं में प्रथम पूर्वी निषाद 95.2%, द्वितीय मंजीता ढीढी 94%, तृतीय राधिका साहू 94.8% रहे। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित किया। ग्राम के जनप्रतिनिधि व शाला विकास समिति व पालकगण ने सभी छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना इस अवसर पर प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद, रमा यादव, तेजेश्वरी यादव, भारती यादव, खेमिन साहू, नीरा निषाद, यामिनी चंद्राकर, जागृति यादव, हीना निषाद, द्रोपति मन्नाडे, चंद्रिका बघेल, पुष्पलता यादव, रघुराज निषाद, गोदावरी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# होलीफेथ स्कूल में दसवीं-बारहवीं का परिणाम शानदार रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी कक्षाओं के परीक्षाफल घोषित किए। जिसमे द न्यू होली फेथ स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम शानदार, प्रशंसनीय रहा। बच्चों ने शत प्रतिशत श्रेष्ठ परिणाम दिए जिससे विद्यालय गौरवान्वित हुआ।

बच्चों के इस उत्कृष्ट उपलब्धि से हर्षित संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा ने सफलता के लिए शुभाशीष दिए। चेयरमैन महेंद्र जैन ने कक्षा दसवीं अब बारहवीं में श्रेष्ठ श्रेणी प्राप्त बच्चों एवं समस्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विषय अध्यापक अध्यापन कराते हैं. उसे ध्यानचित्त से समझना चाहिए, जो समझते हैं वो सदैव स्मृति पटल पर विद्यमान रहती है। प्राचार्य शर्वरी पींचा ने बच्चों को अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने हेतु प्रेरित किए।

परीक्षा परिणाम रहा-कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान



गणित संकाय से आदित्य साहू 89%, द्वितीय स्थान निपुण जैन 72%, तृतीय स्थान 72% जीवविज्ञान संकाय से प्रथम स्थान भूमि नायक 80.40%, द्वितीय स्थान तनु कन्नौजे 75.40%, तृतीय स्थान ऐश्वर्य यदु 73% तथा वाणिज्य संकाय से प्रथम इरम फातिमा 86%द्वितीय मारिया फातिमा 82%, तृतीय स्थान वैभव सेन 74.40% तथा कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान रौनक पांडे 93%, द्वितीय स्थान संजुलिका यदु 89%, तृतीय स्थान तृषा मेहतो रहे। इसी तरह विद्यालय में प्राथमिक वा उच्च प्राथमिक कक्षाओं का भी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा पांचवीं में अंजली साहू 97%, द्वितीय स्नेहा मंगलानी 94.75%, तृतीय श्रीनित कौर गुरुदत्ता 93.20% उच्च प्राथमिक कक्षाओं में लालिमा साहू प्रथम 95.88%, द्वितीय धरा जैन 95.63%, तृतीय एकता साहू 91.43% रहे। विद्यालय के छात्रों के इस प्रशंसनीय बेहतरीन सफलता से संस्था के कमेटी मेंबर चेयरमैन महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष कविता पींचा, सदस्य पीयूष लूनिया, दिलीप बोथरा, किशोर शुक्ला ने उज्वल भविष्य की कामना की। उत्कृष्ट परीक्षाफल का श्रेय संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों ने कक्षा शिक्षिका ललिता चंद्राकर, रूपा डडसेना, आकांक्षा मिश्रा, बरखा तिवारी, किवंदती साहू, प्रीतपाल सिंग, डायना रात्रे, आयुष अग्रवाल, दीपिका साहू, जगदीश धीवर, गरिमा पटेल एवं समस्त शिक्षक को दिया।

## चेन माउंटेन से रेत का उत्खनन खनिज विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

बिना परमिशन के नहरडीही के पास रेत के उत्खनन में लगे चेन माउंटेन मशीन को खनिज विभाग ने सील कर दिया है। मशीन के मालिक से जुर्माना वसूलने की तैयारी चल रही है। खनिज विभाग मुरुम, मिट्टी के उत्खनन पर नजर रखा हुआ है।

जिले में अवैध उत्खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेत के साथ मिट्टी, मुरुम सहित अन्य गौण खनिज का उत्खनन लगातार चल रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महानदी तट स्थित ग्राम नहरडीही में बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। खनिज अमला ने ग्राम नहरडीही एवं आसपास के क्षेत्र में जांच की। जांच के दौरान ग्राम नहरडीही एवं कठोली क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक चेन माउंटेन मशीन को मौके पर ही जब्त किया। इस प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### अरंड हाई स्कूल का रहा सराहनीय परिणाम

**अरंड।** बोर्ड परीक्षा के परिणामों में शासकीय हाई स्कूल अरंड के 89.13% विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। जिसमें 90.5% अंकों के साथ लता साहू टॉप पर रही, जबकि रीतिका देवांगन 89% द्वितीय एवं कुमकुम निषाद 79% तृतीय स्थान पर रहीं। शाला में दर्ज 47 विद्यार्थियों में 18 प्रथम श्रेणी, 20 द्वितीय श्रेणी, 3 तृतीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। वहीं 01 अनुपस्थित, 02 पूरक, 03 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। संस्था के प्राचार्य एनपी तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिए एवं पूरक तथा अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर की परीक्षा में बेहतर तैयारी के साथ सम्मिलित होने का संदेश दिए। इस अच्छे परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम पटेल, सरपंच डिगंबर पटेल, सक्रिय सदस्य शिवचरण ध्रुव, कृष्णा ध्रुव ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का प्रतिफल बताया। ज्ञात हो कि बीते वर्ष विद्यालय का परीक्षा फल 96% था एवं 2017 से प्रारंभ हाई स्कूल शुरुआत से ही लगातार अच्छा परिणाम देने में सफल रहा है।

### श्रमिक दिवस पर टाउन हॉल में स्वास्थ्य शिविर आज

**महासमुंद।** श्रमिक दिवस (1 मई) के अवसर नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू ने मुख्यमंत्री शहरीय स्लम स्वास्थ्य योजना के एरिया मैनेजर को टाऊन हाल में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिये है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया है कि शिविर का मुख्य उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले श्रमिकों को एक स्थान पर निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिसमें निःशुल्क जांच और दवाएं: बुखार, खांसी, रक्तचाप, शुगर की जांच कर श्रमिकों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में सलाह देने कहा गया है।

### बीए द्वितीय, चतुर्थ की प्रायोगिक परीक्षा 4 को

**महासमुंद।** बीए द्वितीय सेमेस्टर डीएससी/डीएसई (मनोविज्ञान) एवं बीए चतुर्थ सेमेस्टर डीएससी विषय के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं के सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 4 अप्रैल को सुबह 09 से 1 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में होंगे। परीक्षा में नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।



### जय कनौजे को पांचवी में मिले 92 प्रतिशत अंक

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय के विद्यार्थी जय कनौजे ने कक्षा 5वीं में 92% अंक प्राप्त किए हैं। शाला शिक्षकों ने जय के उज्ज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई है। और इस सफलता से जय के माता-पिता, शिक्षकों और परिवार, गांव के लोग गौरवान्वित हैं।

### भगवान नृसिंह की जयंती पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान नृसिंह की जयंती पर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान संतोष वैष्णव, हीरेंद वैष्णव, राधिका वैष्णव, मंजू वैष्णव, संतोष महाराज ने कहा भगवान विष्णु के प्रत्येक अवतार का अपना विशेष महत्व है। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, दुष्ट शक्तियों का प्रभाव बढ़ा और धर्म पर संकट आया, तब-तब भगवान विष्णु ने विभिन्न अवतार लेकर संसार का कल्याण किया। उन्हीं दिव्य अवतारों में से एक अत्यंत तेजस्वी और उग्र स्वरूप है भगवान नृह अवतार। भगवान नृसिंह का यह रूप शक्ति, साहस, धर्म की रक्षा और भक्तों के संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। यह अवतार हमें यह बताता है कि जब कोई भक्त सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, तब ईश्वर उसकी रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं।

**औचक निरीक्षण : एंबुलेंस के दुरुपयोग और बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर सिविल सर्जन को घेरा**

# अस्पताल की बदहाली पर बरसे शहर कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला अस्पताल में 3 वर्षीय बालक की उपचार के दौरान हुई मृत्यु के मामले को लेकर कांग्रेस शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही के कारण मासूम की जान गई। शहर अध्यक्ष चावला ने उच्चाधिकारियों से इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और बारीकी से जांच करने की मांग की है आखिर मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई? यदि बच्चे की स्थिति नाजुक थी, तो समय रहते उसे रायपुर रेफर क्यों नहीं किया गया? चावला ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में कोई दोषी पाया जाता है, तो उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला तथा शहर कांग्रेस के पदाधिकारीगण शहर उपाध्यक्ष तुलसी साहू, महामंत्री निर्मल जैन, महामंत्री तबरेज खान, सचिव अनीश राजवानी, सचिव गोपी तारक, सचिव बसंत चंद्राकर ने आज स्थानीय जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में पसरी अव्यवस्थाओं और मरीजों की बदहाली को देखकर कांग्रेसजनों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान चावला ने पाया कि अस्पताल में लगे वाटर कूलर शो-पीस बने हुए हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में मरीजों और उनके परिजनों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने इसे 'अमानवीय' करार दिया। अस्पताल के वार्डों में वेस्टर्न टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिला अस्पताल में विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली होने के कारण विगत 4 माह से सोनोग्राफी मशीनें धूल फांक रही हैं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और गरीबी मरीजों को मजबूरन निजी सेंटरों में 800 से 1500 रुपये तक खर्च कर जांच करानी पड़ रही है। अस्पताल में आवश्यक दवाओं का स्टॉक न होने के कारण मरीजों को अक्सर बाहर से दवाएं खरीदनी पडती हैं। मेडिकल कॉलेज की स्थापना के 4 वर्ष बाद भी सिटी स्कैन मशीन का न होना एक बड़ी असफलता है। सिटी स्कैन न होने की वजह से गंभीर रूप से घायल या न्यूरो संबंधी मरीजों को तत्काल रायपुर रेफर कर दिया जाता है, जिससे रास्ते में ही जान जाने का जोखिम रहता है।



### एंबुलेंस को बना दिया मालवाहक

4 वर्ष पूर्व तत्कालीन नगर पालिका एल्डरमैन गुरमीत चावला तथा अन्य एल्डरमैनों द्वारा अपनी निधि से क्रय कर जिला अस्पताल को दी गई एंबुलेंस का उपयोग मरीजों की जान बचाने और आपातकालीन सेवाओं की बजाय अस्पताल प्रबंधन द्वारा सामान्य सामान ढोने के लिए किया जाता पाए जाने पर चावला ने कड़ी आपत्ति दर्ज की।

### नही सुधरी व्यवस्था तो होगा आंदोलन

कांग्रेसजनों ने सिविल सर्जन से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन अव्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो वह जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## देवरी स्कूल के रिजल्ट का ऐलान

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में आज स्थानीय परीक्षा के परीक्षा परिणाम विद्यालय के समस्त स्टॉफ, शाला विकास समिति के सदस्य की उपस्थिति में घोषित किए गए विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि कक्षा नवमी का परिणाम 70 .19 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम केयूरभूषण 88 प्रतिशत, द्वितीय संगीता पटेल 83 प्रतिशत, तृतीय हर्षिता साहू रहे, कक्षा ग्यारहवीं कला का परिणाम 80.77 प्रतिशत रहा इसमें प्रथम स्थान पर ट्विंकल महिलांग 62 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर सुष्मिता पटेल 59 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर दुर्गेश पटेल रहे, ग्यारहवीं विज्ञान का परिणाम 85.71 प्रतिशत रहा इसमें प्रथम गायत्री साहू 90.80 प्रतिशत, द्वितीय धनेश्वरी सेन 90.20 प्रतिशत, तृतीय छाया पटेल 77.20 प्रतिशत रहे, ग्यारहवीं वाणिज्य का परिणाम 100 प्रतिशत रहा इसमें प्रथम काजल पटेल 71.20 प्रतिशत, द्वितीय माधुरी साहू 71 प्रतिशत तृतीय खिलेश देवांगन 70.60 प्रतिशत रहे। विद्यालय का बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी संतोषजनक रहा। बोर्ड परीक्षा प्रभारी नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि कक्षा दसवीं का परिणाम 89.58 रहा इसमें प्रथम दीक्षा चक्रधारी 91.67 प्रतिशत, द्वितीय दीपेंद 88.83 प्रतिशत, तृतीय कुंदन 88.67 प्रतिशत रहे। इसी तरह कक्षा बारहवीं का परिणाम 90.82 प्रतिशत रहा इसमें प्रथम पूजा साहू 92 प्रतिशत, द्वितीय जान्हवी साहू 87 प्रतिशत तृतीय योगेश्वरी साहू 86.60 प्रतिशत रहे विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने उत्तीर्ण हुए समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई देकर इनके उज्वल भविष्य की कामना की और किसी कारणवश अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को फिर से मेहनत करने हेतु कहा। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य यादराम साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया विद्यालय के समस्त व्याख्याता गण संजय बरसागडे, आनंद राम व्योहार, नीलू सोनी, कुलेश्वर ठाकुर, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, उद्देश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक उपस्थित रहे।

### टीईटी की अनिवार्यता को शिथिल करने की मांग

**महासमुंद।** महासमुंद टीईटी की अनिवार्यता को शिथिल करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने टीचर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय स्तरीय आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा को ज्ञापन सौंपा। सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि सितंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय ने सेवारत शिक्षकों को भी टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने का फरमान जारी किया है इस निर्णय से पूरे देश के शिक्षकों चिंता में डाल दिया है। 25 सालों की सेवा देने के बाद शिक्षकों से शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने का यह निर्णय शिक्षकों के साथ कुठाराघात है। राज्य सरकार से आज ज्ञापन के माध्यम से टीएफआई के शिक्षकों ने अपील की है कि इस अव्यवहारिक निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार पुनः याचिका प्रस्तुत कर इस निर्णय पर विचार करने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जिला सेल संरक्षक बीपी मेश्राम ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता ऐसे शिक्षकों पर थोपी जा रही, जिनकी नियुक्ति के समय टीईटी का प्रावधान नहीं था। अब 20-25 साल नौकरी करने के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य करना न्याय संगत नहीं है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, ब्लाक अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, आत्माराम साहू उपस्थित थे।

## खल्लारी संकुल के सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खल्लारी व संकुल परिवार खल्लारी ने शिक्षकों के सेवानिवृत होने पर स्कूल परिसर में विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खल्लारी के प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के प्रधान पाठक दौलतराम यदु को एक साथ सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान सेवा निवृत प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद की धर्मपत्नी सोहद्रा निषाद एवं दौलतराम यदु की धर्मपत्नी ऋषि कुमारी यदु के अलावा सेवानिवृत शिक्षकों के अन्य परिवारजन के साथ बचपन के मित्र भी उनके गृह ग्रामों से पहुंचे थे। सेवा निवृत के समय अपने बचपन के मित्रों के उपस्थिति से वे सभी उत्साहित रहे।।

स्कूल परिसर में आयोजित विदाई व सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, वार्ड क्रमांक 4 के पंच प्रमोद मन्नाडे, संकुल समन्वयक रामाधीन यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के प्राचार्यो सविता चंद्राकर, व्याख्याता सुमन चंद्राकर, शिक्षक गैंदलाल साहू, मनीराम यादव, स्कूल समिति प्रमुख जगमोहन ठाकुर, पवन चक्रधारी आदि के आतिथ्य में आयोजन संपन्न हुआ। उक्त आयोजन का शुभारंभ अतिथियों व शिक्षकों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया। जहां अतिथियों व सेवा निवृत्त प्रधान पाठकों का चंदन वंदन, पुष्प मालाओं से स्वागत अभिनंदन हुआ।




वहीं स्कूली बच्चों ने भी स्वागत गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खल्लारी संकुल क्षेत्र से आये समस्त स्कूलों के प्रभारियों व शिक्षक - शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद व दौलतराम यदु को श्रीफल, शॉल, गमछा एवं अनेक प्रकार के गिफ्ट भेंट दिया। तो कई शिक्षक - शिक्षिकाओं ने विदाई समारोह को यादगार बनाने फलदार पौधा भी भेंट किया।

सेवानिवृत प्रधान पाठकों ने अपने-अपने स्कूल के शुरुआती दिनों से लेकर अपने जीवनकाल में शिक्षा, छात्र-छात्राओं व साथी शिक्षकों के साथ अपने सेवानिवृत तक के बीते सभी समय व अनुभवों को प्रमुखता से साझा किया।

उपसरपंच तारेश साहू ने कहा कि आज हम स्कूल के उस बरगद को विदा कर रहे हैं जिसकी छाया में हम सब पले बढ़े हैं। क्योंकि जिस तरह से प्रकृति में बरगद का विशालकाय पेड़ हम सब को पर्याप्त ऑक्सीजन प्रदान करता है। उसी तरह से स्कूल जीवन में शिक्षक हमारे उज्ज्वल भविष्य में शिक्षा, संस्कार से तैयार कर हम सब को मजबूत शख्स बनाते हैं। स्कूल में शिक्षकों के शिक्षा रूपी प्रकाश से प्रत्येक बच्चे पत्रकार, डॉक्टर, शिक्षक, किसान, नेता, फौजी बन रहे हैं। आयोजन को अशोक चंद्राकर, गेंदलाल साहू, झगेश साहू, अनुराधा सोनी, संतोषी नामदेव, अनुपमा ठाकुर, योमेश निषाद संहित आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सम्बोधित किया। आयोजन का मंचीय संचालन यामिनी दुबे, विश्राम यादव एवं अंत में आभार व्यक्त राजेश साहू ने किया। इस अवसर प्रमुख रूप से शंकरलाल ध्रुव, सोमप्रभा दीवान, कंचन यदु, संतोषी नामदेव, मुकेश साहू, सौरभ गुप्ता, होरीलाल साहू, देवकुमार साहू, राजेंद्र चौहान, सुभाष साहू, शिक्षक छोटूराम निषाद, झगेश साहू, कमल दीवान, मनीराम यादव, युवराज चंद्राकर, डागेश्वर साहू, छोटेलाल कुर्रे, सरिता ठाकुर, फुलेश्वरी दीवान, मंजुलता यादव, अनुपमा ठाकुर, लेखिका साहू, अनुराधा सोनी, दुलेश्वरी सौरी, अशोक चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, जगन्नाथ साहू, सालिक साहू, जगतपाल साहू, देवानंद ध्रुवंशी, पवन सेन संहित संकुल खल्लारी क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रभारीयों, व्याख्याता, शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं ग्रामीणजन व स्कूली बच्चे भी बड़ी में उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त लैब अटेंडेंट्स का किया गया स्वागत, परिचयात्मक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, महासमुंद में सेमिनार कक्ष में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में नवनियुक्त दो लैब अटेंडेंट प्रिया साहू एवं हेमा साहू का स्वागत करना तथा उन्हें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें सभी उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने क्रमवार अपना परिचय दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक वातावरण तथा संस्थान की प्रमुख गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने नवनियुक्त लैब अटेंडेंट्स को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रयोगशाला का सुचारु संचालन, उपकरणों का रख-रखाव एवं विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करना उनके प्रमुख कार्य होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय में एक सकारात्मक, सहयोगात्मक एवं सहज कार्य वातावरण निर्मित करना सभी का सामूहिक दायित्व है, जिससे प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्य को पूरी निष्ठा एवं सहजता से कर सके।



इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर (हिंदी), रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र), तरुण कुमार बांधे (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य), अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू (समाजशास्त्र), आलोक हिरवानी (कंप्यूटर विज्ञान), चित्रेश कुमार बरेठ (रसायनशास्त्र), हरिशंकरनाथ (राजनीति विज्ञान), कामाक्षी चंद्राकर (अंग्रेजी), माधुरी दीवान (वाणिज्य), खुशी वर्मा (भौतिकशास्त्र), त्रिपेश साहू (क्रीड़ा अधिकारी), खुशबू सिन्हा (ग्रंथपाल), शेषनारायण साहू (लैब टेक्निशियन), जगतारण बघेल (लैब टेक्निशियन) सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## 10वीं में जिले की छात्राओं ने प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान

### कक्षा 10वीं में 8 छात्राओं एवं कक्षा 12वीं में 4 छात्राएं मेरिट में

**महासमुंद।** हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा 2026 के परिणाम में जिले की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 8 छात्राओं ने एवं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले की 4 छात्राओं ने प्रदेश की टॉप-टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है।

कक्षा 12वीं की परीक्षा में के.जी. कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल सरायपाली की छात्रा शहनाज परवीन ने 97.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार के.पी.आई. हायर सेकंडरी स्कूल चट्टीगिरोला, सरायपाली की छात्रा गीतिका प्रधान ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल बागबाहरा की छात्रा पौर्वी देवांगन एवं एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की छात्रा दिव्या अग्रवाल ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से नौवां स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हाईस्कूल परीक्षा में जिले की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की मेरिट सूची में वर्चस्व स्थापित किया। एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की छात्रा संध्या नायक एवं एकलव्य इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल बलोदा की छात्रा परीरानी प्रधान ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की छात्रा रानू सिद्धीमयी साहू एवं रेणुका प्रधान ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की छात्रा चाहत चौधरी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान, तिषा साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान तथा भारती चंद्रा एवं लता चौधरी ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासिल किया। डीईओ ने बताया कि सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं हेतु जिले से कुल 12 हजार 851 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 12 हजार 663 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा परिणाम में 3 हजार 906 छात्र एवं 6 हजार 97 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। कक्षा 10वीं में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.64 तथा बालिकाओं का 83.49 प्रतिशत दर्ज किया गया। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 79.35 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में जिले से कुल 10 हजार 664 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें 10 हजार 579 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा में 3 हजार 332 छात्र एवं 5 हजार 205 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। हायर सेकंडरी परीक्षा में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 76.31 तथा बालिकाओं का 84.12 प्रतिशत रहा।



### महर्षि स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 का कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 29 अप्रैल को घोषित किया गया, जिसमें महर्षि विद्या मंदिर, मचेवा महासमुंद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र दुष्यंत साहू (94.2%) ने जिलेवार मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा विद्यालय के आनंद शेखर साहू – 90.2%, इशु साहू – 89.2%, ज्योत्सना शर्मा – 88.8%, मोनिका साहू – 83%, कक्षा 10वीं में वाणी यादव – 94.3%, चेताली साहू – 91.6%, एलिशा सेवाई – 86.8%, ओजस्वी साहू – 86.5%, नियति सिदार – 83.3% अंक हासिल किए। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना जताई है।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र ब/121 वर्ष 2025-26
ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42
रा.नि.म. महासमुंद
तहसील व जिला-महासमुन्द

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी महासमुंद जिला महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/236/वा.-2/अ.वि.अ./2026 महासमुंद, दिनांक 21.04.2026 द्वारा आवेदक श्री तरूण कुमार साहू पिता श्री रमेश चन्द्र साहू निवासी 96, मेघ बसंत कॉलोनी, महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद द्वारा अपने पिता की उम्र अधिक होने एवं अस्वस्थ रहने के कारण उनके नाम से जारी बंदूक लायसेंस क्रमांक 366/III/MSD/2015 को अपने नाम पर हस्तांतरित किये जाने हेतु एवं श्री रमेश चन्द्र साहू द्वारा अपने नाम से जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति हेतु आयुध नियम 2016 के नियम 11 के अधीन निर्धारित प्रारूप क-1 में कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी को कोई उजर दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 13/05/26 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाशक के माध्यम से माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
महासमुंद

### हीट स्ट्रोक व हीट वेव में तिहार या अत्याचार : आलोक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने हीट स्ट्रोक व हीट वेव में कुशासन की पर्याय बन चुकी छग सरकार की 1 मई से सुशासन रूपी नौटंकी करार देते हुए कहा है कि आज छग सुशासन नहीं, कुशासन की चपेट में है। राज्य में सरकार के संरक्षण से प्रशासन और अपराधियों की जुगलबंदी से महिला, युवतियां व मासूम बच्चियों पर अत्याचार, अफीम की खेती, चाकूबाजी सहित सभी प्रकार के अपराध चरम पर है। चंद्राकर ने कहा कि हीट स्ट्रोक व हीट वेव को लेकर डाक्टरों की लगातार एडवाइजरी जारी करने के बाद भी हेलीकॉप्टर, लग्जरी वाहन, एसी कमरे बैठ कर निर्णय लेने वाले अपनी कमियों को छिपाने तिहार के नाम पर अपने कर्मचारियों और जनता पर अत्याचार कर रही है। महिला शक्तियां केवाईसी के नाम से परेशान हैं, किसान धान खरीदी में हलाकान थे, अभी खाद के नाम से चिंतित है। क्योंकि खाद का भंडारण करने में सरकार असफल है। महिलाएं 500 में गैस मिलने का इंतजार कर रही है। बच्चियां ना सड़क पर और ना ही हॉस्टल आश्रम में सुरक्षित हैं, युवा वर्ग बेरोजगारी से, कर्मचारी वर्ग अपनी जायज मांगों के लिए लगातार संघर्षरत हैं। लेकिन कुशासन के मद में चूर सरकार आंखें मूंद बैठी है। भाजपाई हफीम की खेती कर रहे हैं। थानों में छोटे-बड़े किसी भी मामले में तत्काल एफआईआर तक दर्ज नहीं किए जा रहे हैं, इसके बाद भी कुशासन में सुशासन रूपी नौटंकी करना हास्यास्पद है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सिल्क समग्र-2 योजना जिले के किसानों के लिए आय और आत्मनिर्भरता का नया मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में केंद्र प्रायोजित सिल्क समग्र 2 योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार किया है। रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने एवं आय के नए अवसर सृजन करने के उद्देश्य से लागू इस योजना के तहत महासमुंद जिले में अब तक 21 किसानों का चयन कर शहतूत पौधरोपण का कार्य सफलतापूर्वक किया जा चुका है, जो कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं नए रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण है।

सिल्क समग्र 2 योजना मुख्यरूप से उन लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए है जिनके पास 5 एकड़ से कम कृषि भूमि है। ऐसे किसान अपनी एक एकड़ भूमि में शहतूत की खेती कर कृमिपालन के माध्यम से रेशम उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। किसान वर्षभर में 5-6 बार कृमि पालन कार्य कर सकते हैं और प्रत्येक कृमिपालन से 30 से 40 हजार की आय संभव है। इस प्रकार खर्च कटौती के बाद प्रतिवर्ष लगभग 1 से 1.5 लाख रुपए तक की शुद्ध आय प्राप्त की जा सकती है।

योजना के तहत चयनित किसानों को चरणबद्ध तरीके से विभिन्न मदों में आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। पौधरोपण और सिंचाई के लिए 60-60 हजार रुपए, कृमि



पालन गृह निर्माण हेतु 3 लाख 25 हजार रुपए तथा कीटपालन उपकरण एवं सामग्री के लिए 55 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। इस प्रकार कुल मिलाकर प्रत्येक किसान को 5 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है, जिसमें 80 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार का और 20 प्रतिशत राज्य सरकार का है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निरीक्षण एवं मूल्यांकन के लिए 28 अप्रैल 2026 को केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं रेशम संचालनालय रायपुर की संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद जिले का दौरा किया गया।

टीम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के उप सचिव सब्यसाची खान, साइंटिस्ट डी विनोद सिंह एवं रेशम संचालनालय रायपुर के सहायक संचालक भजनलाल उइके शामिल थे। साथ में महासमुंद जिले के प्रभारी जिला रेशम अधिकारी एवं उपसंचालक रेशम रायपुर ठाकुरराम उइके उपस्थित थे। अधिकारियों ने चयनित स्थलों पर शहतूत पौधरोपण एवं कृमि पालन गतिविधियों का अवलोकन करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं तकनीकी अनुपालन का बारीकी से निरीक्षण किया।

साथ ही लाभार्थी किसानों से संवाद कर उनके अनुभव, आय में हुए बदलाव तथा सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर जिले के रेशम विभाग के कर्मचारी गोपाल बंजारा, किंकर दास, धर्मलय सिदार, ललित नाग एवं योगेंद्र सोनी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कामेश और लीना रहे प्रथम स्थान पर

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम डोकरपाली के भाई-बहन कामेश और लीना कुमारी ने 12 वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना स्कूल में कक्षा 12वीं गणित संकाय के छात्र कामेश कोसरिया ने गणित विषय में 100 में 99 अंक हासिल कर 86.8% प्रतिशत अंक और छात्रा लीना कोसरिया ने विज्ञान संकाय में 89.4% प्राप्त कर अपने शिक्षक-शिक्षिका और माता-पिता (अनिता-गोवर्धन कोसरिया, सावित्री-स्व गुलापदास कोसरिया) को गौरवान्वित किया।



### गोस्वामी समाज जिला इकाई का निर्वाचन 3 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई का निर्वाचन 3 मई को होने वाला है। जिसके लिए सामाजिक संविधान में दिए गए नियमानुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा - आपत्ति करने के लिए दो दिनों का समय दिया गया था। निर्धारित समयावधि में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के पश्चात निर्वाचन अधिकारी सुशील गिरि तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय पुरी के द्वारा 30 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया, जिसके आधार पर निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। इस अवसर पर वर्तमान जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, सचिव ओमप्रकाश पुरी तथा कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि उपस्थित थे।

## समस्या : जलसंकट से जूझ रहे नर्रा क्षेत्र के गांवों के लोग

# बढ़ते तापमान के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण लोगो का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसका असर अब गांव के भू जल स्तर पर पड़ रहा है। वहीं इस क्षेत्र की जोंक नदी न केवल निस्तारी का मुख्य स्त्रोत है बल्कि इस क्षेत्र के आसपास गांवों के वाटर लेवल को बना कर रखने में मदद करती है। लेकिन जोंक नदी के सूख जाने से हजारों एकड़ धान की फसल धूप से झुलस कर तबाह होने की कगार पर है। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। इसी प्रकार बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत राटापाली में हर साल गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल की संकट से जूझना पड़ता है।



सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी जलजीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर पानी टंकी और पाइपलाइन का विस्तार किया गया है। लेकिन, यह तकनीकी विफलताओं की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। गांव में पानी की टंकी खड़ी कर दी गई है लेकिन, पाइपों में दौड़ने के लिए पानी उपलब्ध नही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा कराये गए बोरवेल ड्राइ एरिया में होने के कारण फसल नहीं हो पाए। विकल्प के तौर पर राटापाली गांव से लगे जोंक नदी में 5 एचपी मोटर पंप लगाकर घरों में पानी की सप्लाई किया जा रहा था। पांच साल पूर्व वहां के ग्रामीण इसी नदी से पांच फीट झरिया खोदकर पानी जुटाने मजबूर थे। टैंकर ही अब एकमात्र सहारा है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है महिला और पुरुष और छोटे बच्चे चिलचिलाती धूप में बर्तन लेकर कतार में टैंकर से पानी भरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### निजी खर्च पर सरपंच द्वारा पेयजल आपूर्ति

ग्रामीणों की तकलीफ को देखते हुए सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने निजी खर्च पर किराए के टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। वही राटापाली गांव में दिनभर में 4 से 5 टैंकर आश्रित ग्राम झलमला में 2 टैंकर और बहेराभांठा गांव एक टैंकर पूरे दिन वार्डों में घुमाया जा रहा है। सरपंच ने बताया कि प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराकर पानी टैंकर और बोर खनन की मांग की गई थी।

### सरपंच की गुहार बेअसर

प्रशासन ने सरपंच की बोर खनन और टैंकर की मांग की अनदेखी कर दी है। लिखित आवेदन दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



### पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

**महासमुंद।** क्षेत्र के हायर सेकेंडरी व हाई स्कूल परीक्षाओं में प्रथन श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्र द्वय का सम्मान महिला कांग्रेस राष्ट्रीय समन्वयक पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने निवास स्थान जाकर किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व पालिकाध्यक्ष महिलांग के समर्थक नीरज परोहा ने बताया कि कक्षा बारहवीं के छात्र क्षितिज पांडे पिता-माता अजय /रूपा पांडे का 93 प्रतिशत अंक प्राप्ति पर व मिथलेश कागजी पिता-माता टोमन सिंह /ओमिन कागजी ने कक्षा 10 वीं में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उक्त सम्मान कार्यक्रम में महिलांग के साथ कांग्रेस नेत्री गंगा बाघ, सलमान खान, ईशा टंडन, अनमोल चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने चिन्हांकन शिविर आयोजित

**महासमुंद।** भारत सरकार की एडिप योजना तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (ए.आई.सी.) के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के समन्वय से जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु विकासखंड स्तरीय चिन्हांकन एवं मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रथम चरण में 24 अप्रैल को जनपद पंचायत सरायपाली में आयोजित शिविर में कुल 44 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिनमें 17 दिव्यांगजनों का विभिन्न सहायक उपकरणों हेतु चिन्हांकन किया गया। इसी प्रकार 27 अप्रैल को जनपद पंचायत बसना में आयोजित शिविर में 27 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिनमें से 18 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया। 28 अप्रैल को विकासखंड पिथौरा में आयोजित शिविर में कुल 29 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिनमें 13 दिव्यांगजनों का सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन किया गया। वहीं 29 अप्रैल को जनपद पंचायत बागबाहरा में आयोजित शिविर में 26 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया। आज जनपद पंचायत परिसर महासमुंद में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 56 दिव्यांगजनों का विभिन्न सहायक उपकरणों हेतु चिन्हांकन किया गया।

# आशीबाई स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में कक्षा नवमीं तथा ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि रितेश गोलछा, सदस्यगण - नीलम दीवान, अनुज पांडेय, आनंद गिरि, महेश मक्कड़ उपस्थित थे। इस अवसर पर महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की ओर से कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दीक्षा चंद्राकर (84%) को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि देने की सूचना विधायक प्रतिनिधि द्वारा दी गई, जिस पर शाला के समस्त शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप दीवान के द्वारा विभिन्न संकायों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों - मीनाक्षी ( कक्षा नवमीं में प्रथम), जागृति, कुमार सिंह, सुषमा ध्रुव, माना निषाद, पूजा परमार, खोमिन यादव को अंकसूची प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य जीआर सिन्हा ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संचालन तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन ज्योति किरण चंद्राकर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय परीक्षा प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा, विमल मन्नाडे, संजय मांझी, हेमंत खुंटे, खोमन लाल चंद्राकर, पूजा साहू, अनिता साहू, कीर्तन साहू, तपस्या शर्मा, खेमलता कंवर, नोबल ध्रुव, दुर्गेश नंदिनी यदु, चंद्रशेखर मिथलेश, भारती यादव, छाया रंगारी, बेला मारू, प्रज्ञा लांजेवार, तुलसी राम साहू, नीलिमा राजपूत सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थी और उनके पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बम्हनी, खुटेरी, सलडीह एवं लंबर में आज किया जाएगा समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 01 मई से 05 जून 2026 तक जिले में कुल 41 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें महासमुंद विकासखंड में 10, बागबाहरा में 7, पिथौरा में 9, बसना में 7, सरायपाली में 7 तथा तुमगांव नगरीय निकाय में एक क्लस्टर शामिल है। शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभ वितरण भी किया जाएगा।

समाधान शिविर का आयोजन 01 मई 2026 को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा, जिसमें 16 ग्राम के नागरिकों का मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटेरी के प्राथमिक शाला खुटेरी में आयोजित समाधान शिविर में 17 ग्रामों के नागरिक शामिल होंगे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलडीह के पंचायत भवन के सामने शिविर का आयोजन होगा, जिसमें 20 ग्रामों के नागरिकों से आवेदन लिए जाएंगे एवं बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लम्बर के हाई स्कूल लम्बर में आयोजित शिविर में 20 ग्रामों के नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

# प्राथमिक शाला सलिहाभांठा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेवा

प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में वार्षिक परीक्षा व विभिन्न सहशैक्षिक गतिविधियों के परिणाम की घोषणा सरपंच, पंच, प्रबंधन समिति के सदस्यों व पालकों के समक्ष घोषित किया गया। शाला में प्रावीण्य स्थान प्राप्त परिणामों के साथ वर्षभर विभिन्न शैक्षिक-सहशैक्षिक गतिविधियों में किए गए सर्वोत्तम कार्यों के लिए भी उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन और एक भी दिन अनुपस्थित नहीं रहने के लिए कक्षा 5 के मुकेश ध्रुव को स्टूडेंट ऑफ दि ईयर चुना गया। अन्य सर्वाधिक उपस्थिति हेतु नोव्या ध्रुव, मीरा ध्रुव, डिंपल निषाद, खोमन ध्रुव, रूखमणि ध्रुव और द्रोणिका ध्रुव पुरस्कृत हुए। सर्वाधिक सवाल पूछने वाले जिज्ञासु छात्रा के रूप में कक्षा 4 की हिमांशी साहू, क्रिएटिव छात्रा के रूप में कक्षा 5 की दामिनी ध्रुव चयनित हुए।

अन्य कक्षागत परिणामों में कक्षा 1 से मानवी दीवान, जिज्ञाशा सिन्हा, निखिल साहू, कक्षा 2 से घनिका यादव यादव और खुशबू दीवान प्रथम, खोमन ध्रुव द्वितीय, शिवांश दीवान तृतीय, कक्षा 3 से मीरा ध्रुव, राखी साहू, प्रीत दीवान, कक्षा 4 से हिमांशी साहू, प्रियंका यादव, वेनुष निषाद, कक्षा 5 से मुकेश ध्रुव, तन्मय निर्मलकर, रूखमणी ध्रुव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। सभी को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। हितेश दीवान के द्वारा भी कक्षा में स्थान प्राप्त बच्चों को बोतल देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर पिरीत राम साहू, दौलत दीवान, दयालु ध्रुव, पंचराम ध्रुव, भोजराम साहू, पिलेश्वर सिन्हा, गुलाब ध्रुव, दरस यादव, डगेश्वर साहू, उमेंद्र दीवान, दयानंद निषाद, सुखदेव दीवान, तिलक साहू, हुलश सिन्हा, धनेश्वरी साहू, पूर्णिमा यादव, भूमिका साहू, सुखनंदन दीवान, हितेश दीवान उपस्थित थे।

# देव संस्कृति स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित, सफल छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में शिक्षण सत्र 2025 -26 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के सदस्यों शशि प्रभा थिटे, रामकुमार साहू, ललित मेश्राम, दूषण लाल साहू, नरेंद्र नायक, बोधराम साहू, जगमोहन साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

पश्चात परीक्षा प्रभारी नंद कुमार साहू द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। वही स्थानीय परीक्षा में कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा नवमी का 70%, कक्षा ग्यारहवीं का 97%, केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा पांचवी और आठवीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं का परीक्षा फल 64% तथा 12वीं का परीक्षाफल 73.6 प्रतिशत रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम इस प्रकार है--- कक्षा नर्सरी से रूही विश्वकर्मा 98%, अरुण से डेविस चक्रधारी 98%, उदय से तेजस्विनी पटेल, कान्हा सूर्यवंशी 99.33 %, पहली से नलिनी यादव 97.35%, दूसरी से सचिन बंजारे, मोक्ष साहू 98%, तीसरी से झरना साहू 98.6%, चौथी से सिद्धि साहू 98.5%, कक्षा पांचवी से क्षमा साहू 95.8%, कक्षा छठवीं से चंद्रहास ध्रुव 93.7



3%, कक्षा सातवीं से यामिनी साहू 97% कक्षा आठवीं से दिव्यानी साहू 92.30%, नवमी से निहारिका जलछत्री 94.43%, कक्षा दसवीं से पूर्वा साहू 80.6%, कक्षा ग्यारहवीं कला से लेखराम साहू 88.8% 11वीं विज्ञान समूह से नेमीचंद साहू 87.02 %, 11वी वाणिज्य समूह से याशु साहू 86.8 %, कक्षा 12वीं से नीलम साहू 86.6%। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने शिक्षण सत्र की गतिविधियों उपलब्धियों, उत्कृष्ट परीक्षाफल, विज्ञान प्रदर्शनी, शिक्षकों एवं पालकों तथा छात्रों के बीच संवाद संप्रेषण सभी विषयों पर सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने साधुवाद देते हुए कहा कि यह परीक्षाफल, शिक्षकों, छात्रों तथा पालकों द्वारा किया गया परिश्रम का परिणाम है। परीक्षा परिणाम को उन्होंने हमेशा इसी तरह प्रदर्शन करने प्रेरित किया तथा उन्होंने कहा कि परिश्रम एवं अनुशासन सफलता की कुंजी है। परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शेष छात्र छात्राओं को प्रगति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सफलताओं के लिए सफल बनाने में कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, ऋषभ साहू, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी ), गरिमा साहू, बसंती यादव, किरण विश्वकर्मा, जयश्री श्रीवास्तव, ललिता सिन्हा, गायत्री सेन, जानकी साहू, तीक्षा चंद्राकर, कनिष्का चंद्राकर, भूमिका चंद्राकर, पुष्पा भारती चंद्राकर, संजू पारेश्वर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, सुनीता साहू, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, गौरी साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू, ममता प्रजापति, पूजा ठाकुर, रेखा राम पटेल उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी हैं।

